Website : www.prsuniv.ac.in E-mail ID- coe@prsuniv.ac.in

प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज,उ0प्र0
Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University, Prayagraj, U.P.

पत्रांक : प्रोरासिविवि/पनिका/2024- 324 दिनांक : 19 अप्रैल, 2024

सेवा में,

परीक्षा केन्द्राध्यक्ष,
एच0एम0अली मियाँ नदवी डिग्री कालेज, कौशाम्बी। (3046)
वार्षिक एवं सम सेमेस्टर परीक्षा सत्र 2023–24,
सम्बद्ध– प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय,
प्रयागराज।

विषयः विश्वविद्यालय की संचालित वार्षिक एवं सम सेमेस्टर परीक्षा सत्र 2023–24 की परीक्षाओं को दिनांक 22.04.2024 से किसी अन्य परीक्षा केन्द्र पर संचालित कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक सूचित किया जाता है कि आपके परीक्षा केन्द्र पर विश्वविद्यालय की वार्षिक एवं सम सेमेस्टर परीक्षा सत्र 2023–24 सम्पादित हो रही हैं। दिनांक 18.04.2024 को आपके परीक्षा केन्द्र पर सचल दस्ते द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। सचल दस्ते ने औचक निरीक्षण के दौरान पाया कि कुछ परीक्षार्थियों की परीक्षायें कोई अन्य परीक्षार्थी दे रहे थें। जिससे यह निष्कर्ष निकलता है कि उक्त कृत्य में आप संलिप्त हैं एवं सामूहिक नकल में दोषी हैं।

परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 19.04.2024 को लिए गये निर्णय के अनुपालन में निर्देशित किया जाता है कि आपके महाविद्यालय की दिनांक 20 व 21 अप्रैल, 2024 की परीक्षायें पर्यवेक्षक की निगरानी में सम्पन्न करायी जायेंगी तथा दिनांक 22.04.2024 से आपके महाविद्यालय का परीक्षा केन्द्र निरस्त करते हुए समस्त सम्बन्धित महाविद्यालयों की परीक्षायें मदन मोहन मालवीय पी0जी0 कालेज, कालाकांकर, प्रतापगढ़ में सम्पन्न करायी जायेंगी।

अतः **दिनांक 22.04.2024 से आपके परीक्षा केन्द्र से सम्बद्ध महाविद्यालयों का परीक्षा केन्द्र नीचे वर्णित तालिका के अनुसार स्थानान्तरित किये जाते हैं:–**

पूर्व परीक्षा केन्द्र	महाविद्यालय का नाम	नया परीक्षा केन्द्र
एच0 एम0 अली मियाँ नदवी डिग्री कालेज, कौशाम्बी। (3046)	आर0पी0 डिग्री कालेज, दारा नगर, कौशाम्बी (3055)	मदन मोहन मालवीय पी0जी0 कालेज, कालाकाकर, प्रतापगढ़ (4046)
	एच0 एम0 अली मियाँ नदवी डिग्री कालेज, कौशाम्बी.। (3046)	मदन मोहन मालवीय पी0जी0 कालेज, कालाकाकर, प्रतापगढ़ (4046)

अतः उक्त समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्य को निर्देशित किया जाता है कि अपने–अपने महाविद्यालय के परीक्षार्थियों को **दिनांक 22.04.2024 से नवीन निर्धारित परीक्षा केन्द्र** पर पहुँचकर परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु सूचित करने का कष्ट करें। नया प्रवेश पत्र सम्बन्धित महाविद्यालय की कॉलेज लॉगिन पर दिनांक 21.04.2024 को सायं 05:00 बजे अपलोड कर दिया जायेगा।

भवदीया,

प्रो0 (विनीता यादव)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मा0 कुलपति जी।
2. कुलसचिव।
3. उप कुलसचिव (परीक्षा)।
4. प्राचार्य, तालिका में वर्णित समस्त महाविद्यालय।
5. प्रभारी एजेन्सी को इस आशय से कि उक्त पत्र को समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय की कालेज लॉगिन पर अपलोड करते हुए उक्त का अनुपालन सुनिश्चित करें।

परीक्षा नियंत्रक

Scanned with OKEN Scanner